भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1255
गुरूवार, 5 दिसम्बर, 2024/14 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा

1255 श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावना के बावजूद सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में इसे वांछित सीमा तक विकसित नहीं कर पाई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) सिक्किम में ग्रामीण पर्यटन योजनाओं के आरंभ से अब तक इसके उद्देश्य और प्राप्त सफलता का ब्यौरा क्या है;

(ग) ग्रामीण स्थलों के विकास हेतु केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं; और

(घ) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान प्राप्त प्रस्तावों में से ग्रामीण पर्यटन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत/जारी/उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है, और पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): ग्रामीण पर्यटन सहित पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों के विकास एवं संवर्धन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता' की अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से सिक्किम राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के उनके प्रयासों को सम्पूरित करता है। पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए, स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों का विकास करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है। केन्द्रीय वित्तीय सहायता दिशा-निर्देशों के अनुसार तथा राज्य सरकार और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों/विस्तृत परियोजना रिपोर्टों के आधार पर प्रदान की जा रही है।

स्वदेश दर्शन योजना के उत्तर पूर्वी परिपथ और ग्रामीण परिपथ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

सरकार ने 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के भाग के रूप में स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे को विकसित करने संबंधी पहल को स्वीकृति प्रदान की है। उक्त पहल में प्रति इकाई 5 लाख रुपये (नए निर्माण के लिए), 3 लाख रुपये (नवीकरण के लिए) और ग्राम समुदाय की आवश्यकता हेतु 5 लाख रुपये की सहायता के साथ 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।

******

अनुबंध

श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा द्वारा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 05.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1255 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर-पूर्वी भारत परिपथ

(करोड़ रू. में)

क्र. सं.	राज्य का नाम	वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	स्थिति
1.	अरुणाचल प्रदेश	(2014-15)	भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग में परिपथ का विकास	49.77	47.28	पूर्ण
2.	मणिपुर	(2015-16)	इम्फाल-खोंगजोम में परिपथ का विकास	72.23	61.25	पूर्ण
3.	सिक्किम	(2015-16)	रंगपो को जोड़ने वाले परिपथ (प्रवेश) - रोराथांग- अरितर- फादमचेन- नाथांग-शेराथांग- सोंगमो- गंगटोक- फोडोंग- मंगन- लाचुंग-युमथांग- लाचेन- थांगु-गुरुडोंगमर- मंगन- गंगटोक-तुमिनलिंगी-सिंगतम (निकास) का विकास	98.05	97.41	पूर्ण
4.	मिजोरम	(2015-16)	थेनजोल और दक्षिण ज़ोटे, सेरछिप और रईक जिलों का विकास	92.26	92.26	पूर्ण
5.	अरुणाचल प्रदेश	(2015-16)	जिरीगांव, नफरा, सेप्पा, पप्पू, पासा, पक्के घाटियां, लुमडुंग, लाफांग सोहंग झील, तारो यार, न्यू सागली, जीरो, योमचा का विकास	96.72	91.88	पूर्ण
6.	त्रिपुरा	(2015-16)	उत्तर पूर्वी परिपथ: अगरतला- सिपाहीजाला-मेलाघर-उदयपुर-अमरपुर- तीर्थमुख-मंदिरघाट-डंबूर-नारिकेलकुंजा- गंडाचारा-अंबासा का विकास	82.85	77.76	पूर्ण
7.	मेघालय	(2016-17)	उमियम (लेक व्यू), यू लुमसोहपेटबनेंग-मावडियांगडियांग -	99.13	99.11	पूर्ण

			आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास			
8.	सिक्किम	(2016-17)	सिंगटम-माका-टेमी-बेरमोइकटोकल-फोंगिया- नामची-जोरथांग- ओखरे-सोम्बरिया-दारमदीन- जोरथांग-मेल्ली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास	95.32	95.32	पूर्ण
9.	त्रिपुरा	(2018-19)	सुरमा चेरा- उनाकोटी- जम्पुई हिल्स-गुणाबती-भुवनेश्वरी- माताबाड़ी-नीरमहल- बॉक्सनगर- चोट्टाखोला - पिलक- अवंगचार्रा का विकास	44.83	35.25	पूर्ण
10.	मेघालय	(2018-19)	वेस्ट खासी हिल्स (नोंगखलाव-क्रेमतिरोट-खुदोई और कोहमांग जलप्रपात-खरी नदी-मावथाद्रिशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी जलप्रपात- शिरमांग- आयोक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफा) का विकास	84.97	84.96	पूर्ण
कुल				**816.13**	**782.48**	

ग्रामीण परिपथ

(करोड़ रू. में)

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**	**स्थिति**
1.	बिहार	(2017-18)	गांधी परिपथ: भितिहरवा- चंद्रहिया-तुरकौलिया का विकास	44.27	40.31	पूर्ण
2.	केरल	(2018-19)	मलानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35	45.88	पूर्ण
			कुल	**101.62**	**86.19**	

****